# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
## पुनरावृत्ति पत्रिका (अर्धवार्षिक परीक्षा)
## सत्र 2018–19

कक्षाः चौथी | विषयः हिन्दी

**उपविषयः–** पाठ–4ः रज्जी का शौक, पाठ–5ः बादल (कविता), पाठ–6ः चाँद और सूरज, पाठ–7 नसीहत, पाठ–8ः घुमक्कड. कछुआ, पाठ–9 एक शहर है फूलों का।

**व्याकरणः–** संज्ञा भेदों सहित, विशेषण भेदों सहित, लिंग, वचन, पर्यायवाची, पठित गद्यांश, पत्र लेखन, अनुच्छेद लेखन, अपठित गद्यांश, अपठित काव्यांश

प्र01 **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–**

चंद्रशेखर आज़ाद का जन्म मध्यप्रदेश के भावरा नामक गाँव में हुआ था। बचपन में आज़ाद ने धनुष–बाण चलाना सीख लिया था। उनका निशाना अचूक था। चंद्रशेखर के पिता अध्यापक थे, आज़ाद को निर्धन परिवार में कठिनाइयों का जीवन मिला था। चौदह वर्ष की उम्र में ही वे वाराणसी पढ़ने चले गए। वहाँ उन्होंने संस्कृत का अध्ययन किया। उन दिनों गाँधी जी का असहयोग आंदोलन चल रहा था। वे भी उस में कूद पड़े। किंतु शीघ्र ही उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया, रात–भर जेल में रखने के बाद सुबह उन्हें अंग्रेज़ मजिस्ट्रेट के सामने उपस्थित किया गया। मजिस्ट्रेट ने चंद्रशेखर को नीचे से ऊपर तक देखा, कुछ प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर आज़ाद ने बिना डरे हुए दिया, जिस कारण मजिस्ट्रेट क्रोध में आ गया उसने सिपाहियों को आदेश दिया, "इस युवक को ले जाओ और पंद्रह कोड़े लगाकर छोड़ दो।" जिस समय आज़ाद को कोड़े लगाए जा रहे थे, हर कोड़े की चोट के साथ बार–बार आज़ाद के कंठ से "वंदे–मातरम्" का नारा गूँज रहा था।

क) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–**

1. चंद्रशेखर आज़ाद का जन्म कहाँ हुआ था?
2. मजिस्ट्रेट ने सिपाहियों को क्या आदेश दिया?

ख) **निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिएः–**

1) पिता – भाई, पितृ     2) कंठ – गला, हाथ

ग) **सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइएः–**

1. आज़ाद को बीस कोड़ों की सजा सुनाई गई। ( )
2. चंद्रशेखर के पिता अध्यापक थे। ( )

घ) **निम्नलिखित वाक्यों मे सही विकल्प चुनकर लिखिए :–**

1. आज़ाद ने वाराणसी में किसका अध्ययन किया?

   क) अंग्रेज़ी का     ख) संस्कृत का

2. आज़ाद के कंठ से कौन–सा नारा गूँज रहा था?

क) वंदे–मातरम्   ख) ज़िंदाबाद

**प्र02 निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–**

एक समय की बात थी वन में
गधों की आबादी थी,
खाने–पीने मौज़ मनाने
की उनको आज़ादी थी।
एक लोमड़ भी उस वन में
बहुत समय से रहता था
देख गधों की आज़ादी को
मन में कुढ़ता रहता था
उसने एक दिन कहा गधों से
समय मौज का रहा नहीं
संकट सिर पर आया मित्रों
क्या तुम्हें किसी ने कहा नहीं?
मछलियों ने मिलकर अपनी
सेना एक बना ली है
सभी गधों के ऊपर हमला
वे करने आने वाली हैं।

**क. सही उत्तर पर (✓ का निशान लगाइए ।**

1) गधों की आबादी कहाँ थी?
   क) वन में   ख) शहर में   ग) गाँव में
2) वन में और कौन रहता था?
   क) चीता   ख) बिल्ली   ग) लोमड़
3) मछलियों ने मिलकर क्या बना ली है?
   क) सेना   ख) सब्ज़ी   ग) रोटी
4) मछलियाँ गधों के ऊपर क्या करने वाली हैं?
   क) सहलाने   ख) सुलाने   ग) हमला
5) गधों को वन में किसकी आज़ादी थी?
   क) घूमने की   ख) खाने–पीने की   ग) बोझ उठाने की

ख) निम्नलिखित शब्दों के समान तुक वाले शब्द लिखिए–
   क) आबादी –   ग) रहा –

प्र03 **निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–**

एक तालाब के किनारे दो हंस रहते थे। उसी तालाब में 'तारक' नाम का कछुआ रहता था। तीनों में बड़ी गहरी दोस्ती थी। एक दिन तारक ने हंसों से कहा, ''मुझे भी अपने साथ घुमाने ले चलो।'' हंस किसी पेड़ की डाल से लकड़ी ले आए। कछुए ने लकड़ी को मुँह में दबा लिया। हंस कछुए को लेकर आकाश में उड़ चले। तारक को दूर तक फैला आकाश और समुद्र बहुत अच्छा लगा, अचानक उसने समुद्र में पानी का एक ऊँचा फव्वारा उठता देखा। खुश होकर वह हँस पड़ा। जैसे ही उसका मुँह खुला, वह गहरे समुद्र में जा गिरा, तारक चकित रह गया। वह तो एक दूसरे ही संसार में आ गया था, यहाँ तो चारों ओर पानी ही पानी था। अचानक उसे एक बहुत बड़ा कछुआ दिखाई दिया। वह बोला, ''मुझे हीरक कहते हैं। मेरे साथ चलो, मैं तुम्हें समुद्र की सैर करा दूँगा।''

क) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–**

1) तालाब के किनारे हंसों के साथ कौन रहता था और उसका क्या नाम था?

2) कछुआ समुद्र में कैसे जा गिरा?

ख) **सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइएः–**

1) कछुआ समुद्र को देखकर रोने लगा। (   )

प्र04 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–**

क) मध्यावकाश के समय सुगंधा क्यों चीख पड़ी?

ख) अमावस्या की रात में और पूर्णिमा की रात में क्या अंतर है?

ग) फाज़बी को माँ से डाँट क्यों पड़ती थी?

घ) हीरक ने तारक को ह्वेल मछली के बारे में क्या बताया?

ङ) क्योकेनहोफ़ को 'ट्यूलिप गार्डन' क्यों कहते हैं?

प्र05 **निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

क) रज्जी अब मन लगाकर .............................. लगाने का अभ्यास करता।

ख) आसमान में जो तारे .............................. रहे हैं, वे सब सूरज की तरह हैं।

ग) फाज़बी खाना–खाने में बहुत .............................. करती थी।

घ) तारक को दूर तक फैला .............................. और समुद्र बहुत अच्छा लगा।

प्र06 **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइएः–**

क) कारनामों –

ख) प्रकाश –

ग) उम्मीद –

घ) बातूनी –

प्र07 **निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए :–**

क) चौथी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा कौन–सा नृत्य किया गया?

(कत्थक / बीहू)

ख) दो हंस कहाँ रहते थे?

(समुद्र में / तालाब के किनारे)

**प्र08 निम्नलिखित वाक्य किसने कहे–**

क) ''मुझे भी अपने साथ घुमाने ले चलो।''

ख) ''कोई बात नहीं। आज कुछ और देख लो।''

**प्र09 निम्नलिखित प्रश्नों के एक शब्द में उत्तर दीजिए–**

क) हालैंड की राजधानी कौन–सी है?

ख) मार्च से मई के दौरान कितने 'फ़्लार शोज़' आयोजित किए जाते हैं?

**प्र010 निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिएः–**

क) हवा पकड़कर

......................................,

छाए जैसे काले कंबल

...................................... ।

ख) नन्हे जल–कण

......................................,

उसी भाप से ठंडक पाई

...................................... ।

**व्याकरण से संबंधित**

**प्र011 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिएः–**

क) <u>बाग</u> में मोर नाच रहा है।

ख) मैं <u>जम्मू</u> में रहती हूँ।

**प्र012 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के सही भेद चुनकर लिखिए–**

क) राजेश मेरा प्रिय <u>मित्र</u> है। (व्यक्तिवाचक / जातिवाचक)

ख) अंगूर में बहुत <u>मिठास</u> है। (भाववाचक / जातिवाचक)

ग) <u>तुषार</u> उदास बैठा है। (व्यक्तिवाचक / भाववाचक)

**प्र013 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित विशेषण शब्दों के भेद लिखिए–**

क) डाल पर <u>चार</u> तोते बैठे हैं।

ख) बगीचे में <u>रंग–बिरंगे</u> फूल खिले हैं।

**प्र014. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित विशेषण शब्दों के सही भेद चुनकर लिखिए–**

क) हम <u>गरम–गरम</u> जलेबी खाएँगे। (संख्यावाचक / गुणवाचक)

ख) <u>दो लीटर</u> दूध दे दो। (संख्यावाचक / परिमाण वाचक)

ग) मेज़ पर <u>कुछ</u> किताबें रखी हैं। (संख्यावाचक / गुणवाचक)

**प्र015 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए–**

क) <u>सेवक</u> काम कर रहा है।

ख) मैंने हाथी की सवारी की।

प्र016. **कोष्ठक में दिए शब्दों के लिंग बदलकर रिक्त स्थान भरिएः–**

क) .............................. सो रही है। (बूढ़ा)

ख) .............................. शिकार कर रहा है। (शेरनी)

ग) .............................. कक्षा में बैठी है। (छात्र)

प्र017 **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के वचन बदल कर वाक्य पुनः लिखिए–**

क) छत पर कौआ बैठा है।

ख) लड़की नृत्य कर रही है।

प्र018 **कोष्ठक में दिए शब्दों के वचन बदलकर रिक्त स्थान भरिए–**

क) गडरिए के पास कई .............................. हैं। (भेड़)

ख) मैंने बाज़ार से .............................. लाए। (केला)

ग) माँ बाज़ार से .............................. लाईं। (दवाई)

प्र019 **कोष्ठक में दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द रिक्त स्थान में भरिए–**

क) चिडियाघर में मैंने रंग–बिरंगे .............................. (पंछी) देखे।

ख) .............................. (नभ) में बादल छाए हैं।

प्र020 **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के सही पर्यायवाची शब्द पर ✓ का निशान लगाइए–**

क) स्त्री ने सुंदर साड़ी पहनी है।

1 लड़की 2 महिला 3 अध्यापिका

ख) मैं प्रातः सैर करने जाती हूँ।

1 शाम 2 साँझ 3 सुबह

ग) भगवान सबका भला करते हैं।

1 ईश्वर 2 कानन 3 कनक

प्र021 **"आज का युग कंप्यूटर का युग" विषय पर सहायक सूची की मदद से एक अनुच्छेद लिखें (शब्द सीमा 70–80)**

**सहायक सूचीः–** सरल जीवन, मनोरंजन, कंप्यूटर युग, जल्दी कार्य, आसानी, नई दिशा, जानकारी, ज्ञान, मुश्किल का हल, पढ़ाई में सहायता, आगे बढ़ना।

प्र022 **जन्मदिन पर चाचाजी के दवारा दिए गए उपहार के लिए धन्यवाद देते हुए पत्र लिखें।**